दिन– शनिवार दिनांक– 25 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार के विकास के लिए एक साल के अंदर राज्य सरकार पांच लाख करोड़ रुपये की निवेश लायेगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।

03. बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा एकीकृत इकहत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आज से शुरू।

04. और, भागलपुर के नवगछिया के रंगड़ा प्रखंड अंतर्गत स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि माता जानकी का जीवन त्याग, धैर्य और शक्ति का अद्भूत उदाहरण है। माँ जानकी का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। श्री चौधरी ने कहा कि एकतीस दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक माँ जानकी के मंदिर निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जायेगा। इससे पहले माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूजा–अर्चना की और दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव की शुरूआत की।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले एक साल में राज्य में पांच लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। जिससे राज्य के लोगों को यहीं पर रोजगार मिलने में आसानी होगी।

–––बाइट–––

श्री चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है। उसी प्रकार बिहार को समृद्ध बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है।

–––बाइट–––

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण कार्य दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक पूरा करने का निर्देश दिया है।

---बाइट---

---

जानकी नवमी के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

बिहार शहरी आयोजना और विकास अधिनियम के तहत सीतामढ़ी को सीतापुरम टाउनशिप के रूप में विकसित करना प्रस्तावित है। सीतापुरम के लिए राज्य सरकार ने मास्टर प्लान अधिसूचित कर दिया है। मास्टर प्लान में नये आर्थिक गतिविधि केन्द्रों के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन प्रस्तावित है। प्रस्ताव में नये रोजगार का सृजन और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। प्रस्तावित मास्टर प्लान में निजी और संस्थागत निवेश का भी प्रस्ताव है।

---

मुंगेर जिले में तारापुर को राज्य सरकार ने अंग जनपद के ऐतिहासिक महत्त्व को स्थापित करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के फैसले के अनुसार तारापुर को शिव परिपथ के रूप में विकसित किया जायेगा। इसी क्षेत्र में कांवरिया पथ विद्यमान है। इस पथ पर सावन महीने में लाखों की संख्या में कांवरियां सुल्तानगंज से देवघर जलाभिषेक के लिए पैदल यात्रा करते है। इस स्थल को पर्यटन विकास के लिए तमिलनाडु के ईसा योग केन्द्र और राज्य सरकार के पर्यटन विकास निगर के संयुक्त सहयोग से समेकित सांस्कृति, धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति आयोग भारत की नीति—निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।

——————————————————————————————

अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिडी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान उपाध्यक्ष सुमन कुमार बेरी का स्थान लेंगे। श्री लाहिड़ी के साथ सरकार ने नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में राजीव गौबा, के०वी० राजू, गोबरधन दास, एम० श्रीनिवास और अभय करंदीकर को नियुक्त किया गया है। श्री लाहिड़ी इससे पहले भारत के 12वें मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वे 15वें वित्त आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं और विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में वरिष्ठ पदों पर रहे हैं।

——————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा एकीकृत इकहत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज से शुरू हो गया है। आज की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन पटना के बाईस केन्द्र पर तीस अप्रैल तक किया जायेगा। इस परीक्षा में बारह सौ अंठानवे पदों के लिए तेरह हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये गए है।

———————————————————————————

आकाशवाणी के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में, एक नई सिग्नेचर ट्यून बनाने की प्रतियोगिता शुरु की गई है। इसका उद्देश्य आकाशवाणी के विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए ऐसा संगीत तैयार करना है जो विषय–वस्तु के अनुरूप हों और श्रोताओं को आकर्षित करें।

———बाइट———

सभी धुनें केवल वाद्य संगीत पर आधारित होनी चाहिए। ये धुनें एमपीदृथ्री या डब्ल्यूएवी फॉर्मेट में स्वीकार की जाएंगी। प्रथम पुरस्कार विजेता को 30 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 20 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार पर दस हजार रुपये दिए जाएंगे। पांचदृपांच हजार रुपये के 10 सांत्वना पुरस्कार भी होंगे। आकाशवाणी ने जिंगल बनाने के लिए भी प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। यह एफएम गोल्ड, एफएम रेनबो और विविध भारती के विशेष संदर्भ में है। जिंगल की भाषा हिंदी या अंग्रेजी होनी चाहिए। प्रतिभागी प्रत्येक चौनल के लिए एक और अधिकतम तीन जिंगल भेज सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये है। इसके अलावा ढाई हजार रुपये के 10 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

———————————————————————————

भागलपुर के नवगछिया के रंगड़ा प्रखंड अंतर्गत स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री आपदा कोष से चार–चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान राशि देने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलुरु में आत्मनिर्भर हाई–स्पीड बुलेट ट्रेन निर्माण संयंत्र आदित्य का उद्घाटन किया। आकाशवाणी और दूरदर्शन से बातचीत में उन्होंने बताया कि पहला प्रोटोटाइप अगले साल बनकर तैयार हो जाएगा और उत्पादन 2027 के आखिरी में शुरू होगा।

–––बाइट–––

डिसीजन के साथ काम हो सके, वैसा काम यहां पर होगा। उस तरह की यहां पे मशीनें हैं जोकि एकदम प्रेसाइज वर्क कर सके जैसा कि ये रोबोटिक लेजर बेलडिंग मशीन है। लेजर बेल्डिंग मशीन में एकदम प्रेसाइज हाई स्ट्रेंथ की वेल्डिंग होती है। वैसे कई सारी ऐसी मशीने हैं। जोकि वी28 आत्मनिर्भर भारत की स्वदेशी बुलेट का निर्माण यहां पर होगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक की डिक्री तभी दी जा सकती है, जब पति–पत्नी कम से कम एक वर्ष तक अलग रह चुके हों। न्यायमूर्ति नानी तागिया और न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने कहा कि इस अनिवार्य शर्त के अभाव में तलाक की अनुमति नहीं दी जा सकती।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भारतीय रिज़र्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। इससे बैंक के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लग गई है। रिज़र्व बैंक ने मार्च दो हजार बाईस में, बैंक को नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी थी। वर्ष दो हजार चौबीस में भी बैंक पर अतिरिक्त व्यावसायिक प्रतिबंध के तहत मौजूदा ग्राहक खातों और प्रीपेड उपकरणों में किसी भी प्रकार की जमा, क्रेडिट और टॉप–अप पर रोक लगा दी गई थी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने आज सभी वित्तीय नियामकों से आम नागरिकों की केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की। मुंबई में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि यह

सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी नागरिक को कई वित्तीय उत्पाद और प्लेटफार्म पर एक ही सत्यापन प्रक्रिया को बार–बार न दोहराना पड़े। इस अवसर पर उन्होंने सेबी की निवेशक जागरूकता पहल 'जागरूक' का भी शुभारंभ किया। वित्त मंत्री ने चेतावनी दी कि किसी बड़े एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन या बड़े ब्रोकर पर एक भी सफल साइबर हमला राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों को बाधित कर सकता है, धन का सफाया कर सकता है और जनता के विश्वास को इस तरह से हिला सकता है जिसे फिर से कायम करने में वर्षों लग सकते हैं।

———————————————————————————————

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा है कि सरकार की सक्रियता के कारण देश में सभी उर्वरकों की उपलब्धता स्थिर, सुव्यवस्थित और आवश्यकता से अधिक है। मंत्रालय के अनुसार, उर्वरकों की कमी के संबंध में हाल के दावे तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।

———————————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य उत्तर–पूर्वी दक्षिण–पूर्व के एक दो स्थानों पर बारिश की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————————————

मोतिहारी जिला के नेहरू स्टेडियम में आज सत्रहवीं जिलास्तरीय प्रतियोगिता का उद्‌घाटन सांसद राधामोहन सिंह ने किया। यह प्रतियोगिता जिला एथलेटिक संघ द्वारा आयोजित किया गया है।

———————————————————————————————

कैमूर जिले में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव डॉ० शेल एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक हिमांशु पांडेय ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न बाल गृहों का सघन निरीक्षण किया।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संगठन चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित किया है। चौदह जून को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा जबकि पंचायत स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक का चरणबद्ध चुनाव पच्चीस अप्रैल से शुरु होकर पन्द्रह जून तक चलेगा।

---

आज विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिवान जिले में जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया गया।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार के विकास के लिए एक साल के अंदर राज्य सरकार पांच लाख करोड़ रुपये की निवेश लायेगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।

03. बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा एकीकृत इकहत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आज से शुरू।

04. और, भागलपुर के नवगछिया के रंगड़ा प्रखंड अंतर्गत स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।

---

समाप्त